# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2

पत्रांक 623 गोपालगंज, दिनांक 03/05/24

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2

सेवा में,

~~सोना इंजिकॉन प्रा0 लि0,~~ साई अम्बे ऑर्गेनाइजेशन प्रा० लि०
~~थाना रोड, गोपालगंज।~~ SH6/20 संस्कृत शॉपिंग मॉल, ऑपोजिट- कोटक महिन्द्रा बैंक हाईवे रोड, मेहसाना, गुजरात, पिन नं- 384002

**विषयः– पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य सम्पन्न नही करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध मे कहना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा अप्रैल 24 में **नवादा आर0ई0ओ0 पथ से कहला कोठी** में BRRMS के तहत जांच के क्रम में पाई गई त्रुटियों का निराकरण अब तक आपके द्वारा नही किया गया है। विदित हो कि BRRMS द्वारा किए गए जांच के क्रम में आपके पथ को 'U' ग्रेड प्रदत हुआ है। आपके प्राधिकृत मो0 नं0/ ई मेल पर भी इसकी सूचना आपको प्रेषित की जा चुकी है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि 03 दिनों के अन्दर उक्त पथ में अनुरक्षण कार्य सम्पन्न करना सुनिश्चित करें अन्यथा निविदा के निहित शर्त, एकरारनामा के सुसंगत कंडिका एवं समय–समय द्वारा विभाग से प्राप्त निर्देश के क्रम में आपके विरूद्ध आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करते हुए आपके निबंधन को डिबार/कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियो को सूचित किया जा सकता है, जिसकी सारी जबाबदेही आपकी होगी एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 03.05.24

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2

ज्ञापांक 623 दिनांक 03/05/24

प्रतिलिपि :– 1.सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल बरौली को प्रासंगिक पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेशित किया जाता है कि संवेदक द्वारा कराए गए अनुरक्षण कार्य का Geotagged Photographs प्राप्त कर MIS में सहायक सूचना प्रबंधक से सम्पर्क कर Upload करना सुनिश्चित करें। अनुरक्षण कार्य नही किए जाने वाले संवेदकों के विरूद्ध विहित प्रपत्र में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की अनुशंसा अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2.अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अचंल, सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(हस्ताक्षर) 03.05.24

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गोपालगंज–2